हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 2 मार्च 2025

07 एसपी रोहित काशवानी ने की अपराधों की समीक्षा...



08 अब नया शिक्षा सत्र नए भवन में लग सकती हैं सीएम...





### मातृत्व वंदना योजनाः शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर कराया निराकरण

## कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद खुली महिला बाल विकास के अफसरों की नींद

**सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण न करने वाले विभागों के जिलाधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई।**



विदिशा। शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर जानकारी देते हुए अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

महिला बाल विकास विभाग सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जिला सबसे फिसड्डी साबित हो रहा है। सबसे अधिक शिकायतें भी महिला बाल विकास विभाग की ही पेंडिंग चल रही हैं। कलेक्टर की सख्ती के बाद अब इस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की नींद खुली है और शिकायतों के निराकरण के लिए कर्मचारी मैदान में आए। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के सख्त निर्देश के बाद 50 दिवस से अधिक एवं ग्रेडिंग माह की शिकायतों का लक्ष्य टीएल बैठक के दौरान सभी विभागों को दिया गया है। जिसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता के घर जाकर उन्हें समझाईश देकर शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद कराया गया है।

शिकायतकर्ता आरती चौरसिया के द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत राशि नहीं मिलने की शिकायत की गई थी। दूरभाष पर संपर्क कर बात करने पर संतुष्टि नहीं मिलने पर परियोजना अधिकारी संजय सिंह द्वारा शिकायतकर्ता के घर पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता को लेकर पहुंचे और उन्हें मोबाईल पर लॉगिन कर पोर्टल पर उनके खाते में 3 हजार रुपए की राशि प्रदाय की स्थिति बताई गई तथा 2000 रुपए की राशि पेमेंट इन प्रोसेस लिखा दिखाया गया एवं पोर्टल की स्थिति समझाई गई। जिसके फलस्वरूप शिकायतकर्ता द्वारा संतुष्टि से शिकायत वापस ली गई है।

## होली पर रेलवे ने दी राहत, 8 और 12 मार्च तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**विदिशा।** होली को लेकर रानी कमलापति से रीवा के बीच दो-दो ट्रिप की स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। रानी कमलापति से रीवा जाने वाली ट्रेन संख्या 2185 की पहली ट्रिप 8 मार्च को होगी। दूसरी ट्रिप 12 मार्च को होगी। यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से रात 10:15 बजे रवाना होगी। विदिशा स्टेशन पर रात 11:10 बजे और बीना स्टेशन पर रात 12:20 बजे पहुंचेगी। अगले दिन सुबह 7:30 बजे रीवा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 2186 रीवा से रानी कमलापति के लिए दोपहर 12:30 बजे रवाना होगी। यह बीना स्टेशन पर शाम 6:50 बजे और विदिशा स्टेशन पर शाम 7:50 बजे पहुंचेगी। रानी कमलापति स्टेशन पर रात 9:10 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में रानी कमलापति, विदिशा, बीना जंक्शन, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना और रीवा स्टेशनों पर रुकेगी।

## जैन कॉलेज, प्राचार्य बने डॉ. एस.के. उपाध्याय

**विदिशा।** मप्र उच्च शिक्षा अनुदान आयोग, भोपाल द्वारा डॉ. राधाकृष्णन सम्मान से सम्मानित डॉ. संजय कुमार उपाध्याय जैन कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बने। 28 फरवरी को कॉलेज प्राचार्य डॉ. शोभा जैन सेवानिवृत्त हो गईं। कॉलेज अध्यक्ष सेठ संजय जैन द्वारा सर्वसम्मति से डॉ. संजय कुमार उपाध्याय को प्रभारी प्राचार्य बनाने का निर्णय लिया गया।




## बाल कल्याण समिति अध्यक्ष बने रामबाबू

**विदिशा।** महिला बाल विकास विभाग ने बाल कल्याण समिति अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति की है। जिसमें अध्यक्ष पद पर संघ के स्वयंसेवक के रूप में सालों से कार्यरत रामबाबू प्रजापति को नियुक्त किया है। सदस्य के रूप में लक्ष्मी शर्मा, चंद्रभान सिंह बघेल, दिवान सिंह मीना सहित सुनीता दांगी को नियुक्त किया गया है।

## वार्ड क्रमांक 2 में 21 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



वार्ड क्रमांक 2 में 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भूमिपूजन किया। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि शहर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विदिशा को इंदौर की तर्ज पर विकसित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। वार्ड पार्षद कपिल साहू ने कहा कि नपाध्यक्ष अध्यक्ष ने वार्ड को संवारने और सुंदर बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद संतोष पेंटर, पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत, कौशल अहिरवार, नगर पालिका इंजीनियर संजय श्रीवास्तव, पप्पू कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3370
उच्चतम भाव-3405
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2601
उच्चतम भाव- 3208
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2750
उच्चतम भाव- 2750
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5690
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6460
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4205
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3680
उच्चतम भाव-4012
सरसों
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5750
उड़द
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-2755
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2200
बटरी
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-4500
तुअर
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-6700
मक्का
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 9473 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## रेगिस्तानी जहाजों ने दी इलाके में आमद ...



**गंजबासौदा।** सर्दी के विदा होने के साथ ही इलाके में रेगिस्तानी जहाज यानि ऊंट, भेड़ आदि के साथ गडरियों ने इलाके में आमद दर्ज करा दी है। गौरतलब है कि गर्मी में राजस्थान में ऊंटों एवं भेडों के लिए चारा पानी की समस्या खड़ी हो जाती है। ऐसे में गडरिए अपनी भेड़ों, ऊंटों के रेवड लेकर चारा पानी की तलाश में गर्मियों में इलाके में आ जाते हैं और बरसात तक क्षेत्र में ही जगह जगह डेरा जमाए रहते हैं।

## स्थानांतरित होने पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रेल्वे सुरक्षा बल आरपीएफ में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिवनारायण का एएसआई पद पर पदोन्नति उपरांत स्थान्तरण किया गया है। शिवनारायण की पदोन्नति एवं स्थानांतरण होने पर समस्त स्टॉफ द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर फूल, मालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई।

### प्रशासनिक कार्रवाई: राजस्व वसूली के लिए पटवारियों को दिए निर्देश

# राशि जमा न करने पर ईंट भट्टे और मंगला वेयरहाउस को सील किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत शाम प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर से प्राप्त निर्देशों के पालन में राजस्व वसूली अभियान के तहत दो स्थानों पर सख्त कार्रवाई की। जिसमें एक ईंट भट्टे और एक वेयर हाउस को सील किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बनवा जागीर में अवैध व्यपर्वतन के मामले में भूमि स्वामी महेन्द्र सिंह रघुवंशी, कुनाल, मानवेन्द्र, अक्षया पर एसडीएम न्यायालय द्वारा 22 अगस्त 2023 को 8 लाख 21 हजार 250 रुपए का अर्थदंड आरोपित किया था।

उक्त अर्थदंड की राशि जमा न करने पर गत शाम को एसडीएम विजय राय के मार्गदर्शन में प्रशासनिक अधिकारियों ने बनवा जागीर में ईंट भट्टों को सीलबंद करने की कार्रवाई की। वहीं ग्राम नंदूपुरा में मंगला वेयर हाउस का डायवर्सन होने के बाद भी संबंधित द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई। जिसकी सूचना संबंधित को देने के बाद भी बकाया राशि जमा न कराए जाने पर गत शाम एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जायसवाल, अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के दल ने मौके पर पहुंचकर मंगला वेयर हाउस को सील करने की कार्रवाई की।





### एसडीएम ने पटवारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गंजबासौदा। शनिवार को राजस्व वसूली को लेकर तहसील के पटवारी सभागृह में बासौदा तथा त्योंदा के सभी पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारियों की एसडीएम विजय राय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें वसूली की मदवार जानकारी, जैसे भू राजस्व, डायवर्सन, भू भाटक, अर्थदंड इत्यादि की वसूली तथा बकाया राशि के संबंध में सभी उपस्थित पटवारियों को शीघ्र शासन स्तर से प्रदान किए गए लक्ष्य अनुसार वसूली किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जायसवाल, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बासौदा व त्योंदा के सभी पटवारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों को पिलाई गई विटामिन ए की खुराक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को नगर के वार्ड नंबर 9 के आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता हेमलता तोमर एवं स्वास्थ्य विभाग की एएनएम रेखा शुक्ला द्वारा वार्ड के बच्चों को घर घर पहुंचकर विटामिन ए की खुराक पिलाई गई।

### राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में छात्रा का हुआ चयन



**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ ,द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं गणित संकाय की छात्रा आयुषी पुत्री राजाराम दांगी का चयन 2025 के लिए किया गया है। यह शिविर अमरकंटक जिला अनूपपुर में 2 से 8 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न जिलों के छात्र, छात्राओं द्वारा लोक नृत्य, लोक गायन, नाटक ,भाषा, वेशभूषा आदि के माध्यम से अपनी अपनी संस्कृतियों को दर्शाया जाऐगा। छात्रा का राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में चयन होने पर विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा, बालिका इकाई प्रभारी भारती पंथी, अनिल दुबे, प्रशांत श्रीवास्तव, स्वतंत्र कुमार जैन, लक्ष्मी चंद साहू सहित विद्यालय परिवार द्वारा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## खबर संक्षेप

### दुकानों में तालाबंदी, नल कनेक्शन काटने की तैयारी


**गंजबासौदा।** बकाया कर वसूली के लिए नगर पालिका ने दुकानों में तालाबंदी और नल कनेक्शन काटने की योजना पर विचार शुरू कर दिया है और इस योजना पर काम शुरू हो गया है। नपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका को वर्तमान में विभिन्न करों का 3 करोड़ 42 लाख 10 हजार 973 रुपए नागरिकों पर बकाया लेना शेष है। जिसको ध्यान में रखते हुए नपा ने कर बकाया वसूली तेज करने की योजना बनाई है। हांलाकि नगर पालिका लगातार नागरिकों से अनुरोध करती आ रही है कि वे बकाया कर राशि जमा कराएं। इसके अलावा लोक अदालतों के माध्यम से भी कर राशि जमा कराने की अपील की जाती रही है। जिसमें बकायादारों को बकाया कर राशि जमा कराने पर अधिभार में छूट भी मिल जाती है। इसके बावजूद बकायादार कर राशि भुगतान में कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। जिससे नपा की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए नपा प्रशासन ने करीब साढे तीन करोड की बकाया कर राशि की वसूली के लिए सख्त अभियान चलाने का निर्णय लिया।

## पुलिया चौड़ीकरण का कार्य जारी



**गंजबासौदा।** नपा द्वारा यातायात व्यवस्था सुधारने और सडक चौडीकरण के लिए बरेठ रोड एवं त्योंदा रोड पर पुरानी पुलियों की चौडाई बढाने का काम शुरू किया गया है। इसी के तहत बरेठ रोड पर धूम कलेक्शन के सामने और मोतिया नाले पर भावसार पुलिया के चौडीकरण का कार्य चल रहा है। इन पुलियों पर एक ओर का काम पूरा हो गया है और अब दूसरी ओर का कार्य किया जाएगा। इन पुलियों के चौडीकरण के बाद इन मार्गों की चौडाई भी बढ जाएगी और वाहन चालकों को यातायात में परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा।

## नगरपालिका द्वारा कराया जा रहा सौंदर्यीकरण कार्य



**गंजबासौदा।** नगरपालिका द्वारा सावरकर चौक क्षेत्र में नवीन बाईपास का निर्माण कराकर अब सौंदर्यीकरण का शुरु कर दिया गया है। जिससे उक्त मार्ग अभी से सुंदर लगने लगा है। यह बाईपास मार्ग अब सावरकर चौक क्षेत्र को सीधे पचमा बायपास मार्ग से जोडेगा। जिससे यातायात में काफी सुगमता होगी। नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नगर में किए जा कार्यों की आमजन सराहना करते हुए नपाध्यक्ष की कार्य प्रणाली की प्रशंसा कर रहे हैं।

## पांच वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के नाबालिग आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




पिछले दिनों कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने पीडिता को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था और आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस टीम की लगातार कोशिशों के चलते गत दिवस पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड लिया है। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि इस घटना की शिकायत के बाद से ही पुलिस की चार टीमें आरोपित की तलाश में जुट गई थीं। इनमें से प्रत्येक टीम में तीन पुलिसकर्मी और एक महिला पुलिसकर्मी शामिल रही। पुलिस की तत्परता एवं लगातार प्रयासों के चलते बीती रात आरोपित को पकड लिया गया है। एसडीओपी मनोज मिश्रा के अनुसार आरोपित स्वयं नाबालिग है और उसके पिता नहीं हैं और मां भी किसी अन्य व्यक्ति के साथ रहने लगी है। ऐसे में नाबालिक अकेला ही है और उसे तलाश करना काफी मुश्किल रहा, लेकिन पुलिस टीम ने कडी मशक्कत कर उसे पकड लिया।

### एसजीएस कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हो रहे कार्यक्रम

# दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दूसरे दिवस शनिवार को क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता और प्रयोगों से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीएसआईआर एमप्रि भोपाल के रिसर्च स्कॉलर राहुल आर्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल और डीएसटी, दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। सभी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी तथा प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। साथ ही इको क्लब के पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बिंदेश कुमार शुक्ला ने इस कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. मेहता ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी और विद्यार्थियों को विज्ञान में अनुसंधान की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे एवं डॉ. सुनील पाटीदार ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. विजय शाक्य द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. बीके प्रजापति, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ शिवानी गौड, डॉ. कंचन वैद्य, अभिषेक सिंह, घनश्याम चौकसे, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. शिवानी विश्नोई, डॉ. कमलेश, डॉ. सुनीता, डॉ. विकास, अर्चना चौधरी, सौरभ विश्वकर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## नए वर्ष में शराब दुकानों को हटाने की मांग हुई तेज



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राज्य सरकार द्वारा शराब ठेकों को फिर से नीलाम करने की सूचना के बाद से ही नगर में लंबे समय से स्थित शराब दुकानों को हटाने की मांग तेज हो गई है। यह शराब दुकानें नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं और लोगों द्वारा कई बार इन दुकानों को हटाने के लिए धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किए जा चुके हैं। प्रशासनिक स्तर पर आश्वासन के बाद भी इन दुकानों को हटाया नहीं गया है। अब नए सिरे से शराब ठेकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही रेलवे स्टेशन के समीप की शराब दुकान, हरदूखेडी फाटक की शराब दुकान, जवाहर रोड की शराब दुकान आदि को बस्ती, मंदिर, सार्वजनिक स्थानों से दूर करने की मांग तेज हो गई है। इन दुकानों को हटाने की मांग पर ध्यान न दिए जाने से फिर से नागरिक जनांदोलन कर सकते हैं।

## सहकार भारती की जिला बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस सहकार भारती की जिला बैठक दोपहर के समय सुभाष चौक कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं लक्ष्मण राव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक मे संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ द्वारा आगामी महिला दिवस पर कार्यक्रम मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता प्रदेश प्रमुख प्रचार विभाग, जिला अध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, जिला महा मंत्री नारायण सिंह रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष पूजा ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ मुख्य साधना श्रीवास्तव, सह प्रकोष्ठ मुख्य सुनीता दांगी, पूर्व जिला महामंत्री दीपक, मीडिया प्रभारी नीलम रघुवंशी, रूपा रघुवंशी, सुषमा साहू, अरुणावती ,अरुणा श्रीवास्तव, प्रदीप रघुवंशी , प्रहलाद आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी जिला महामंत्री नारायण सिंह रघुवंशी द्वारा दी गई।

### सड़क में उभरे गड्ढों से रहवासी परेशान

**गंजबासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर सड़क के बीच में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे उभर आए हैं। जिससे इस मार्ग से होकर जाने वाले दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों के चालकों को आवाजाही में असुविधा होती है। वहीं गड्ढों से उड़ने वाली धूल से वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने निजात दिलाने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

### बेतवा की हुई 114वीं महागंगा आरती

**विदिशा।** बड़बाला घाट पर वैत्रवती की 114वीं महागंगा आरती संपन्न हुई। मां वैत्रवती गंगा को स्वच्छ, सुंदर और बारहमासी बनाने के लिए यह अभियान पिछले 16 वर्षों से जारी है। मां वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के संयोजक भजन गायक पंडित मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि यह जीवनदायिनी नदी पिछले 45 वर्षों से लगातार प्रदूषित हो रही है। अक्टूबर-नवंबर से जून-जुलाई तक सात से आठ महीने तक यह पूरी तरह सूख जाती है। भोजपुर से विदिशा तक इसका जल प्रवाह रुक जाता है। उन्होंने कहा कि यदि शासन-प्रशासन चाहे तो भोजपुर में माँ वेतवा और माँ नर्मदा का संगम करवाकर तथा भोजपुर से विदिशा तक गहरीकरण करवा कर इसे बारहमासी बनाया जा सकता है। लेकिन इच्छाशक्ति के अभाव में यह कार्य नहीं हो पा रहा। 1980 में वेतवा बाबा ने इस अभियान की शुरुआत की थी। 1990 में धर्माधिकारी भी इससे जुड़े। 2009 से नित्य गंगा आरती के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है। लेकिन शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधि अब तक इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे।

### अपराधों पर नियंत्रण और निराकरण के लिए सख्त निर्देश जारी किए

# एसपी रोहित काशवानी ने की अपराधों की समीक्षा, माइक्रो बीट बनाएंगे प्रभावशील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**


विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिले के सभी एसडीओपी, थाना और चौकी प्रभारी शामिल हुए। बैठक में लंबित अपराधों, चालान, महिला अपराध, साइबर अपराध और न्यायालय में विचाराधीन मामलों की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने अपराधों पर नियंत्रण और निराकरण के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। माइक्रो बीट प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक बीट प्रभारी को व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर क्षेत्र के नागरिकों से सतत संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए। साइबर अपराध नियंत्रण के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार करने और फ्रीज की गई राशि वापस दिलाने के लिए न्यायालय में आवेदन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। चाकूबाजी और आपराधिक घटनाओं पर सख्त नियंत्रण के लिए निगरानी बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थानों की कार्यक्षमता का मूल्यांकन कर रैंकिंग प्रणाली लागू करने की योजना पर चर्चा हुई। साइबर जागरूकता, महिला सुरक्षा, मोबाइल चोरी रिकवरी और गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। सोशल मीडिया पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाने और जनता तक तेजी से अपडेट पहुंचाने के निर्देश दिए गए। लंबित अपराधों, महिला अपराधों, एससी/एसटी मामलों और जप्तशुदा वाहनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान करने और स्थायी वारंटों की तामील कराने पर जोर दिया गया। बैठक में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस रणनीति बनाई गई।

थाना और चौकी प्रभारियों को जनता से अच्छा व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। जनसंवाद के माध्यम से नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों और साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, एसडीओपी गंजबासौदा मनोज मिश्रा, एसडीओपी सिरोंज उमेश तिवारी, एसडीओपी कुरवाई मनीष राज, एसडीओपी लटेरी अजय मिश्रा सहित सभी थाना और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## गणेशोत्सव पुरस्कार वितरण में 147 झांकियों को मिला सम्मान


विदिशा। गणेशोत्सव के पुरस्कार वितरित करते हुए समिति पदाधिकारी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

सनातन हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में गणेश उत्सव 2024 के पुरस्कारों का वितरण शनिवार दोपहर 12 से 2 बजे तक कपूर गार्डन दुर्गा नगर रोड पर हुआ।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन मुख्य अतिथि रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि के रूप में प्रीति राकेश शर्मा, नारायण सिंह कुशवाह, मोहित रघुवंशी, वीर सिंह रघुवंशी, मनोज कटारे और बृजेश लोधी मौजूद रहे। गणेश भक्तों द्वारा लगाई गई झांकियों और अनंत चतुर्दशी चल समारोह में शामिल 147 झांकियों को पुरस्कार दिए गए। युवा संगठन हनुमान मंदिर तोपपुरा, देवी का वाग गुलाम वाटिका, स्वर्णकार कॉलोनी गायत्री मंदिर मार्ग, सोनकर भवन नंदवाना, अरिहंत विहार और बांसकुली गणेश उत्सव समिति को विशेष पुरस्कार मिला। कुल 38 प्रथम, 28 द्वितीय और 81 प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए गए।

समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि पुरस्कार श्री हित हरिवंश कल्याण समिति के राधिका शरण द्वारा प्रायोजित किए गए। इस दौरान ओपी चतुर्वेदी, शैलेन्द्र राजपूत, रघुवीर सिंह चौहान, दीपक सक्सेना, दिनेश कुशवाह, प्रशांत रघुवंशी, आशीष चौहान, विकास तिवारी, राहुल गुप्ता, हैप्पी यादव, सुमित पाल, सौरभ श्रीवास्तव, रजत अरोरा, ऋषि जालोरी, शिवेंद्र भदौरिया और रितेश कपूर उपस्थित रहे।

## युवती से दुष्कर्म के 12 घंटे में दोनों आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी**

वार्ड 2 चैनपुरा की 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना 27 फरवरी की सुबह 11 बजे ग्राम मलनिया में हुई। युवती घर के पास की दुकान पर सामान लेने गई थी, जहां उसे मनमोहन वंशकार मिला। वह दूर के रिश्ते में उसका परिचित था। मनमोहन उसे दुकान के पास स्थित एक खुले दालान में ले गया। मनमोहन युवती को गौतम के पास छोड़कर चला गया। इसके बाद गौतम ने जबरदस्ती उसे शराब पिलाई और दुष्कर्म किया। युवती ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई। इसके बाद वे थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना लटेरी ने महिला उपनिरीक्षक गोसिया सुल्तान को रिपोर्ट दर्ज करने भेजा।

गौतम वंशकार और मनमोहन वंशकार के खिलाफ अपराध क्रमांक 72/25, धारा 70(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**जंगल से पकड़े गए आरोपी:** लटेरी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चैनपुरा के जंगल में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें उप-जेल लटेरी भेज दिया गया। पीड़िता को पुलिस कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी अजय मिश्रा के निर्देशन में कार्रवाई हुई। थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक बी.एल. सिलोरिया, साइबर सेल के पवन जैन सहित पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई।

## कुंभ में बिछड़ी पार्वती देवी को आसरा अपनों का टीम ने परिवार से मिलाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**


आदर्श तिवारी

कुंभ में खोई झारखंड की पार्वती देवी को उनके परिवार से मिलाने में आसरा अपनों का ने अहम भूमिका निभाई। पार्वती देवी हजारीबाग की रहने वाली हैं। कुंभ में वह परिवार से बिछड़ गई थीं। पुलिस ने उन्हें ट्रेन में बैठा दिया था। उनके पास एक पर्ची मिली, जिसमें नाम और पता लिखा था। लेकिन हिंदी न आने के कारण बातचीत में दिक्कत हुई। विदिशा के ईदगाह चौराहे पर अनुराग यादव को पार्वती देवी मिलीं। उन्होंने आसरा अपनों का को सूचना दी। पार्वती देवी के बेटे नागेश पिछले पांच दिन से कुंभ में मां को ढूंढ रहे थे। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल रही थी।

आसरा अपनों का के संस्थापक आदर्श तिवारी और राजा यादव ने सोशल मीडिया, झारखंड पुलिस और व्हाट्सएप ग्रुपों के जरिए परिवार को खोजने की कोशिश की। आखिरकार, नागेश को व्हाट्सएप ग्रुप से सूचना मिली। उन्होंने फोन कर संपर्क किया। इसके बाद विदिशा पहुंचे और मां को अपने साथ ले गए। एसपी रोहित काशवानी और एएसपी प्रशांत चौबे की मौजूदगी में आसरा अपनों का के संस्थापक आदर्श तिवारी ने पार्वती देवी को उनके बेटे को सौंपा। आसरा अपनों का अब तक 50 से ज्यादा गुमशुदा लोगों को उनके परिवार से मिलाने में सफल रहा है।

## एमआईटीएस ग्वालियर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

**विदिशा।** एसएटीआई में चल रही 22वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में एमआईटीएस ग्वालियर और आईटीएम ग्वालियर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर आईटीएम ग्वालियर ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमआईटीएस ग्वालियर ने 20 ओवर में 239 रन बनाए। आर्यन गुप्ता ने 41 गेंदों में 92 रन की तूफानी पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईटीएम ग्वालियर की टीम दबाव में दिखी। पूरी टीम 20 ओवर में 141 रन ही बना सकी। एमआईटीएस ग्वालियर के अभिजीत ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट झटके। इस जीत के साथ एमआईटीएस ग्वालियर ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरे मुकाबले में एमपीयू भोपाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जेईसी जबलपुर ने 20 ओवर में 146 रन बनाए। जवाब में एमपीयू भोपाल की टीम 16.3 ओवर में 76 रन पर सिमट गई। प्रशांत कुमार ने 27 गेंदों में 33 रन बनाए और 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। जेसीईसी जबलपुर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका मुकाबला एसएटीआई विदिशा से होगा।

### साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गईं आयोजित

# शासकीय लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाओं ने दी प्रस्तुति





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**

नगर के कुरवाई रोड स्थित शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में वर्ष 2024-25 का वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न साहित्यिक,सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष,सदस्यो द्वारा मां सरस्वती एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात मंच पर एकल गान,समूह गान,एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### प्राचार्य ने प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन

क्रीड़ा विभाग के प्रभारी डॉक्टर समृथ निनामा एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉक्टर वसीम उल्ला खान के अथक प्रयास से महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने बताया कि महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1969 में हुई थी। उन्होंने पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके प्रयास से वर्ष 2011-12 में महाविद्यालय में एक साथ सभी विषयों में सहायक प्राध्यापकों के अतिरिक्त पद स्वीकृत हुए। इसके साथ ही महाविद्यालय में एमएससी एवं एमए की कक्षाएं प्रारंभ हुईं। महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल एवं सभागार स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की ही देन है। स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए प्राचार्य ने बताया कि उनके प्रयास से महाविद्यालय के पुराने एवं नवीन भवन की मरम्मत आदि के लिए विभिन्न 13 कार्यों हेतु शासन द्वारा द्वारा 79. 40 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसका कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं जन भागीदारी समिति के सहयोग के कारण ही महाविद्यालय प्रगति पर है।

### महाविद्यालय के छात्र ने किया था दिल्ली कौशल प्रदर्शन

गणतंत्र दिवस की परेड में महाविद्यालय के एनसीसी के छात्र आदर्श सिंह सेंगर ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए दिल्ली में कर्तव्य पथ पर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। छात्र सेंगर की इस उपलब्धि से पूरा सिरोंज नगर एवं विदिशा जिला गौरवान्वित है। वही प्राचार्य ने समस्त छात्र - छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। वही उन्होने विद्यार्थियों के कौशल की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वार्षिक स्नेह सम्मेलन के प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक एस आर तिवारी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### निबंध लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन,प्रश्न मंच,स्लोगन के संयोजक प्रोफेसर सीएस मौर्य,वाद विवाद,भाषण प्रतियोगिता डॉक्टर अभिषेक चौहान, रंगोली प्रतियोगिता रूबी ताम्रकार ,मेहंदी प्रतियोगिता प्रोफेसर रितु बघेल एकल गान,समूह गान,एकल नृत्य,समूह नृत्य प्रोफेसर अनामिका ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। खेलकूद गतिविधियां क्रीड़ा अधिकारी डॉ वसीम उल्ला खान के द्वारा संपन्न कराई गई। राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अजय यादव ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता में सत्यम रघुवंशी,बंटी गुर्जर,गुंजन शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी हॉकी में महाविद्यालय की छात्रा रेणुका से,राधिका सेन एवं करिश्मा सुमन ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा।

### छात्रों को वितरण किए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र

इसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति बड़े बाबू श्यामलाल बिजोले भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसमें डॉ आर के वाखला प्रोफ़ेसर दीपक सोलंकी डॉक्टर कल्पना पंचोली, डॉक्टर आनंद यादव,डॉक्टर लोकेश टोपिया,सैयद उरुज अहमद, राहुल गौर,कल्पेश चौधरी, डॉक्टर विभा श्रीवास्तव, क रिण बंसीवाल,प्रोफेसर रजनी चौहान, प्रोफेसर निधि मसीह, डॉक्टर चमका गेहलोद,क्रांति चौधरी, साधना कुमारी झा, मीनाक्षी शर्मा, डॉक्टर पूजा मिश्रा, नरेंद्र सिंह दांगी, श्रीमती वर्षा पटेल, दीप्ति शर्मा, नारायण दास साहू,लोकेश टोपिया, डॉक्टर अवधेश पांडे, डॉक्टर जुगराज जाटव, प्रोफेसर संघप्रिय गौतम, वीरेंद्र कुमार सेन, साकिर खान, सुदीप सुमन,लखन यादव, शिवचरण पंथी,चंद्र प्रकाश सेन, संतोष का विशेष सहयोग रहा। संचालन प्रोफेसर नरेंद्र सिंह दांगी ने किया। आभार प्रोफेसर अनामिका ठाकुर ने व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं धर्मेन्द्र सिंह राजपूत आयु वयस्क पुत्र श्री विशाल सिंह राजपूत निवासी ग्राम परासी खुर्द, पोस्ट करेला, तहसील व जिला विदिशा म.प्र., मेरा आधार कार्ड क्र. 6831 0500 1901 है जिसमें मेरा नाम धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (DHARMENDRA SINGH RAJPOOT) दर्ज है एवं मेरे आयकर विभाग का कार्ड (पेन कार्ड) क्र. EPIPR1274E है जिसमें मेरा नाम धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (DHARMENDRA SINGH RAJPOOT) दर्ज है जो कि पूर्णतः सत्य व सही है। मेरा ड्राईविंग लाईसेंस जिसका क्र. MP40N-2007-0067094 है जिसमें मेरा नाम धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (DHARMENDRA SINGH RAJPOOT) में सरनेम राजपूत (RAJPOOT) के स्थान पर त्रुटिवश राजपुत (RAJPUT) दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड के आधार पर ड्राईविंग लाईसेंस में सही सरनेम राजपूत (RAJPOOT) दर्ज करा जावे शपथ पत्र क्रमांक BF731854

### कानूनी तौर पर लड़ाई लड़ने के लिए दी बधाई

## हिंदू धर्म के विरुद्ध प्रवृत्ति, अनूप मंडल को सबक सिखाने वालों का हार्दिक हुंडिया ने माना आभार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष हार्दिक हुंडीया ने कहा कि हमें गर्व है कि धर्मेंद्र फोफाणी आईजा के एडवाइजर है, और उन्होंने जीवदया और अनुप मंडल के लिए जो कार्य किया है ऐसा कार्य दुनिया में किसी ने नहीं किया और एक भी रुपया लिए बिना उन्होंने जो कानूनी लड़ाई लड़ी है उसके लिए आईजा धर्मेंद्र फोफाणी एंव राजनेता पिंकेश दोशी का आभार व्यक्त करता है। जैनों के खिलाफ लगातार भड़काने और नफरत फैलाने की कोशिश करने वाले अनूप मंडल के आगेवानो के द्वारा डीसा सब डीवीझनल मेजिस्ट्रेट को आवेदन पत्र देने के बहाने किसी भी प्रकार की परवानगी के बगैर रेली निकालकर दुनिया में हो रही सभी आपदाओं आदि के लिए जैन बनियों को जिम्मेदार बताते हुए ऐसी अफवाह फैलाकर जैन विरुद्ध द्वेष की भावना फैलाकर एंव डीसा तालुका के भोयण में सरकारी जमीन पर गैरकानूनी कब्जा.करके चल रही।

**दशम् पुण्य स्मरण**



20.04.62 02.03.15

**स्व. रागिनी पाण्डेय**

नौनिहालों के उत्थान के लिए
''दधीचि भाव'' से समर्पित ममतामयी
व्यक्तित्व की स्मृतियों को सादर नमन।

**श्री दुर्गा शप्तशती पाठ एवं श्रद्धांजलि**

शाम 5 बजे, साकेत शिशु रंजन परिसर, विदिशा

परिजन, स्नेही जन एवं समस्त साकेत परिवार

## खबर संक्षेप

### खेत की लगी फेंसिंग में लटका मिला तेंदुआ



**सांची।** गुलगांव के एक खेत की तार फैंसी में रात को लगभग 2 के आसपास किसान रामभरोसे के खेत में तेंदुआ खेत की तार फैंसी में फंस गया। जब सुबह किसी व्यक्ति ने देखा तो फॉरेस्ट विभाग को सूचना दी। इसके उपरांत फॉरेस्ट विभाग वालों ने उसे निकाल कर ले गए। क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट देखे जाने से लोगों के अंदर एक भय सा बना हुआ है।

### सांची विवि में बौद्ध दर्शन विषय पर व्याख्यान

**सलामतपुर।** सलामतपुर स्थित साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में लद्दाख में बौद्ध दर्शन विषय पर विशिष्ट अतिथि और नई दिल्ली के लद्दाख केंद्रीय शोध संस्थान के निदेशक तथा जम्मू कश्मीर सांस्कृतिक अकादमी के पूर्व मुख्य संपादक डॉ. नवांग सेरिंग शाक्सपो ने व्याख्यान दिया। डॉ. नवांग सेरिंग शाक्सपो ने तिब्बती भाषा के भारत में जन्म की बात कहते हुए तिब्बती भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने की मांग की। उनके मुताबिक तिब्बती भाषा अधिकतर हिमालयी राज्यों में बोलचाल में प्रयुक्त होती है।

### 4 एकड़ में 41 करोड़ 63 लाख की लागत से किया जा रहा भवन का निर्माण कार्य

# अब नया शिक्षा सत्र नए भवन में लग सकती हैं सीएम राइज स्कूल की कक्षाएं

◆ वर्तमान भवन में असुविधाओं के बीच हो रहा है कक्षाओं का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विधानसभा मुख्यालय पर सीएम राइज स्कूल के भवन का निर्माण कार्य निर्माण एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है। सर्व सुविधा युक्त निर्माण कार्य को लेकर निर्माण एजेंसी के द्वारा दावा किया जा रहा है कि मई अंत तक भवन निर्माण पूर्ण कर भवन को शिक्षा विभाग के हेंड ओवर कर दिया जाएगा ताकि नवीन शिक्षा संत्र से कक्षाओं का संचालन नव निर्मित भवन में हो सके।

■ भवन में कक्षाए प्रारंभ हो जाने से छात्र छात्राओं को मिलेगी सुविधा

जानकारी के अनुसार मप्र भवन विकास निगम के द्वारा निर्माण एजेंसी भाषा एसोसिएट के माध्यम से सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं। 2 हजार छात्र छात्राओं की संख्या के मान से कराए जा रहे भवन निर्माण में करीब 90 छोटे बड़े कमरे तथा हॉल शामिल है। जिसमें से 57 कमरे कक्षाओं के लिए रहेगें। इसके अतिरिक्त अन्य कमरे स्मार्ट क्लास कक्ष, मॉडयूलर भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित, प्रयोग शालाएं, एसटीईएम प्रयोग शाला, लैब, लाईब्रेरी, प्राचार्य कक्ष, शिक्षक कक्ष, स्टाफ कक्ष, सभागार आदि के लिए आरक्षित रहेंगे। इसके अतिरिक्त भवन में सीसीटीवी और एचवीएसी इकाइयां भी रहेगीं।



### 41 करोड़ 63 लाख की रुपए की स्वीकृति से हो रहा निर्माण कार्य

सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण 41 करोड़ 63 लाख रुपए की प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति से हो रहा है। जिसमें 31 करोड़ 55 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति दी गई है। जिसमें 30 करोड़ 82 लाख रुपए की निर्माण राशि तथा 27 करोड़ 6 लाख की अनुबंध राशि तय की गई है। निर्माण एजेंसी के मुताविक करीब 4 एकड़ में निर्माण कार्य किया जा रहा है। हालांकि कुल एरिया 11 एकड़ का रहेगा। अभी मात्र सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण का ही टेंडर हुआ है। इसके बाद पूर्व सालों में निर्मित भवनो के डिशमेंटल कार्य के री टेंडर होगें।

### विद्यार्थियों को फायदा

सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण पूर्ण होकर शिक्षा विभाग के हेंड ओवर हो जाने तथा नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 से कक्षाओं का संचालन प्रारंभ होने से अध्ययनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई सुविधाजनक हो जाएगी। नए भवन में पर्याप्त संख्या में कक्ष, प्रयोगशालाएं, लायब्रेरी, स्मार्ट क्लास, सभागार सहित अन्य सुविधाए विद्यमान रहेगी। जिससे कि विद्यार्थी बगैर किसी व्यवधान के अध्यापन कार्य कर सकेगें।

### निर्माणाधीन भवन में 5 ब्लॉक रहेंगे

निर्माणाधीन भवन में 5 ब्लाको का निर्माण कार्य निर्माण एजेंसी के द्वारा किया जा रहा हैं। जिसमें ए ब्लॉक से ई ब्लॉक तक शामिल है। बताया जा रहा है। कि निर्माण एजेंसी को फरवरी 2023 तक भवन का निर्माण पूर्ण करना था लेकिन खेल मैदान की समस्या के कारण व साइड की अनुपलब्धता के कारण भवन निर्माण में देरी हो रही है। भवनमें टाईल्स लगाने के साथ ही बिजली फिटिंग सहित फिनिशिंग का कार्य तीव्र गति से निर्माण एजेंसी के कर्ताधर्ताओं के द्वारा कराया जा रहा हैं। तथा निर्माण एजेंसी के द्वारा दावा किया जा रहा है कि मई अंत तक निर्माण कार्य पूर्ण किया जाकर भवन को शिक्षा विभाग के हेंड ओवर कर दिया जाएगा। ताकि नवीन शिक्षा सत्र नए भवन में प्रारंभ हो सकें।

**अतिशीघ्र होगा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण**

सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा हैं। टाईल्स लगाने के साथ ही, बिजली फिटिंग, फिनिशिंग का कार्य भी जारी हैं। संभवतः मई अंत तक भवन तैयार कर शिक्षा विभाग के हेंडओवर कर दिया जाएगा।

**- ऋषभ कोचर,** साइड इंजीनियर

# बाड़ी पुलिस ने ट्रैक्टर सहित दो चोरों को किया गिरफ्तार

### एसपी के निर्देश की जा रही है कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

एसपी पंकज कुमार पांडे के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूरे के मार्गदर्शन में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने की निर्देश पर कुशल नेतृत्व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्रीमती अदिति बी. सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में अपराध और अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम रखने हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

23 अप्रैल 2024 ट्रैक्टर चोरी का मामला फरियादी शीला बाई/ ट्रैक्टर कंपनी जॉन डियर क्र. एमपी 40 एए 4754 चोरी होने की अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। राजेश तिवारी की नेतृत्व में पतारसी की गई अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों पर नजर रखी गई, जिसके परिणाम स्वरूप बाड़ी पुलिस ने सफलता दर्ज की प्रकरण क्रमांक 99/2014 धारा 379 का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके उपरांत ग्राम कूल्हाड़िया निवासी परमजीत आत्मज इंदर सिंह रायसिख. आयु 32 वर्ष एवं संजू आत्मज मुंशीलाल रायसिख को गिरफ्तार कर चोरी किए गए ट्रैक्टर को जप्त किया गया। ट्रैक्टर की लागत अनुमानित 2.10 लाख बताई जा रही हैं।

पुलिस ने तहकीकात के दौरान पाया कि अपराधी ट्रैक्टर का उपयोग विक्रय मढैया में कर रहें थे। पुलिस ने अपराधियों को पड़कर बड़ी सफलता अर्जित की है इस मामले में सराहनीय की भूमिका में थाना प्रभारी राजेश तिवारी, उनि. पदमा बरकरे (विवेचना/गिरफ्तारी), प्रआर. 267 मोहनीश, प्रआर. 620 रोहित, आर. 15 देवेन्द्र सिंह, आर. 741 सोहन सिंह, आर. 390 अनिल का विशेष योगदान रहा।

# नाली की साफ-सफाई हटाया गया अतिक्रमण, चलाया जेसीबी का पंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सीएमओ ने तत्काल एक्शन लेते हुए वार्ड क्र. 14 के लोगों की लिखित शिकायत पर तत्काल एक्शन लिया है। चौक नाली की सफाई की गई जेसीबी का पंजा वार्ड 14 में चला यहां पर कुछ दिन पूर्व यहां नागरिकों ने नाली सफाई अतिक्रमण गंदे पानी की शिकायत को शिकायती पत्र से वार्ड की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया था। जिस पर शिकायत की पत्र के बिंदुओं पर प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल एक्शन लिया है।

वार्ड क्र. 14 की नालियों पर अस्थाई अतिक्रमण जेसीबी से हटाया गया है एवं नाली की सफाई की गई है। प्रशासन के तत्काल एक्शन की तारीफ की जा रही है हाल ही में समाचार पत्रों ने लोगों की समस्या को प्रमुखता से छापा था।

# 2 साल से अधूरा पड़ा सामुदायिक भवन घटिया निर्माण पर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



सांची विकासखंड के ग्राम बांसिया में दो साल पहले शुरू हुआ सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। 24 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस भवन की जिम्मेदारी आरईएस विभाग को सौंपी गई थी, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति और घटिया गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा अनियमितताएं बरती जा रही हैं। बाउंड्री वॉल का प्लास्टर तो किया गया, लेकिन तराई नहीं की गई, जिससे उसकी मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। इतना ही नहीं, भवन की फाउंडेशन में जरूरी भराव सामग्री भी नहीं डाली गई, जिससे उसकी स्थायित्व क्षमता कमजोर हो सकती है।

ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। निर्माण कार्य की जांच नहीं करवाई जा रही है, जिससे ठेकेदार मनमानी कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि काम बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे उन्हें आशंका है कि यह भवन कब पूरा होगा और इसकी मजबूती कितनी टिकाऊ होगी। गांव के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस निर्माण कार्य की जांच करवाने और ठेकेदार पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# त्योहारों को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

### प्रशासन ने कहा-अफवाहों पर ध्यान न दें, भ्रामक जानकारी से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में धार्मिक समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। होली उत्सव, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रारंभ, ईद उल फितर, राम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, परशुराम जयंती आदि त्योहारों को हर्षोल्लास और शांति पूर्वक मनाने के लिए थाना परिसर में बैठक हुई। बैठक में आगामी सभी पर्वो पर शहर में होने वाले विभित्र धार्मिक समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान एसडीओपी अनिल मौर्य, तहसीलदार भरत मांडरे, टीआई जेपी त्रिपाठी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक में समिति के सदस्यों से चर्चा की और सभी पर्वों पर आयोजनों के दौरान सफाई, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध चर्चा कर निर्देश दिए गए।

### विवाद की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें

*उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय पर उचित कदम उठाया जा सके। वहीं सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक जानकारी को बिना सत्यापन के साझा न करें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और जिले में शांति बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने सभी से शांति, सौहार्द और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समाज में अमन चैन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासन, पुलिस और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने क्षेत्र को सुरक्षित और समृद्ध बना सकते हैं।*

# हिउस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




रामलीला मैदान प्रांगण स्थित हिंदू उत्सव समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूज्य ब्रह्मचारी जी के आशीर्वाद एवं राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की उपस्थिति मैं संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम को लेकर जहां पूर्व से ही तैयारी की जा चुकी थी। वहीं कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व भजन संध्या बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई।

पूज्य ब्रह्मचारी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह है आपके पुण्य उदय का फल है, कि आपको समाज की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस दौरान आप वर्ष भर में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजन, जरूरतमंदों की सेवा के साथ आपको सनातन की ध्वजा फहराते हुए सकल हिंदू समाज का नेतृत्व करना है। वहीं उन्होंने महोत्सव की व्याख्या करते हुए बताया कि महोत्सव वह नहीं है, जिसमें 100- 200 व्यक्तियों को बुलाकर आनंद उठाया जाए। उत्सव वह है जब परमात्मा उत्पन्न हो जाए। इसी के साथ धन, मन, बुद्धि की शुद्धि की आवश्यकता पर बल दिया।

वहीं मंत्री पटेल ने समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए उज्जल भविष्य की कामना की और कहा कि जिस तरह देश के प्रधानमंत्री भारत मां के मान बढ़ाने को लेकर कार्य कर रहे हैं, उसी तरह आप लोग सभी मिलजुल कर सनातन की ध्वज फहराएं। वहीं उन्होंने अतिक्रमण को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि अपना व्यवसाय करें, लेकिन अपनी निर्धारित सीमा में देखा जा रहा था, कि लोगों के द्वारा अनावश्यक रूप से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपने व्यवसाय संचालित किया जा रहे थे। जिसके कारण लोगों को जाम से परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब लोगों को इस परेशानी से निजात मिल चुकी है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सीनियर को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सीनियर को विदाई दिए जाने को लेकर जुनियर विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति छात्र छात्राओं के द्वारा दी गई। कार्यक्रम का आयोजन माँ शारदा कॉलेज में किया। यहां पर बीए प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति छात्र छात्राओं के द्वारा दी गई।

इस दौरान जुनियर विद्यार्थियों के द्वारा सीनियर विद्यार्थियों को विदाई कार्यक्रम को यादगार बनाने गिफ्ट भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन भविष्य श्रीवास्तव, अनुष्का जैन व रंजना राठौर ने किया।

यहां पर माँ शारदा कॉलेज के संचालक मदन सिंह रघुवंशी, रामकुमार रघुवंशी, अभय जैन, भाजपा सिलवानी के मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर जैन, पार्षद प्रतिनिधि मिलन जैन, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, मोहन साहू, युवा नेता संजीव जेके, संदीप शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष विक्रम सोनी, टीएस चंदेल, नीतेश चौरसिया, राजा रघुवंशी, मनीष साहू, सुदीप खरे, शिवानी राय आदि उपस्थित रहे।

# शहनाई पर रोक, खरमास होने से 14 मार्च से 15 अप्रैल 1 महीने तक नहीं होंगे विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज।



शादी ब्याह का सीजन 14 मार्च से पहले तक ही है। 15 मार्च से 15 अप्रैल तक इस साल का खरमास रहेगा। इसकी वजह से शादी-ब्याह नहीं हो पाएंगे। फिर अप्रैल माह में 18 से 22 तक के 5 दिन का मुहूर्त है। इसके बाद मई और जून में कोई मुहूर्त नहीं है। यह पहली मर्तबा है कि जब मई और जून माह में शादी ब्याह के मुहूर्त नहीं है।

सीधा जुलाई में मुहूर्त है। इसलिए लोग अप्रैल और जुलाई माह में शादी करने की तैयारी में जुट गए हैं। मार्च माह में 12 मार्च तक लगातार मुहूर्त है। पंडित चंद्र मोहन तिवारी ने बताया कि मई और जून माह में इस साल शादी के लिए मुहूर्त नहीं है। इस वजह से लोग 12 मार्च से पहले या अप्रैल में 18 से 22 के बीच या जुलाई में शादी करने की तैयारी में लगे हुए हैं। जुलाई में 6 मुहूर्त हैं। फिर सीधे नवंबर और दिसंबर में मुहूर्त मिलेंगे।

धार्मिक मान्यता अनुसार संक्रांति तिथि बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। वहीं सूर्य देव के राशि गोचर करने की तिथि को संक्राति कहते हैं। वहीं इस तिथि से लेकर सूर्य देव एक राशि में अगले 30 दिनों तक विराजमान रहते हैं। साथ ही उसके बाद दूसरी राशि में गोचर करते हैं। सूर्यदेव के धनु से मीन राशि में गोचर करने पर खरमास दोष लगता है। उस समय अवधि में कोई भी विवाह और मंगल कार्य नहीं करना चाहिए।

### खरमास में क्यों नहीं करना चाहिए शुभकार्य

ज्योतिषियों के अनुसार सूर्य देव के धनु से मीन राशि में गोचर करने के समय गुरु का प्रभाव शून्य हो जाता है। वहीं ऐसा माना जाता है कि कोई भी शुभ कार्य के लिए गुरु के प्रभाव का होना अति आवश्यक और मंगलमय होता है। 14 मार्च को सूर्य देव धनु से मीन राशि में गोचर करेंगे और इसी दिन से खरमास दोष लगेगा।

### दिखा रमजान का चांद आज से शुरू रमज़ान

**बरेली।** मुस्लिम समाज के लोगों परिवारों को जिस पाक रमजान माह का वर्ष भर इंतजार रहता है। शनिवार को रमजान का चांद दिखने के साथ रविवार से रमजान माह और रोजा रखने की शुरूआत होगी। रमजान का पाक महिना शुरू हो रहा है। इससे पूर्व घरो एवं मस्जिदों की साफ सफाई का कार्य चलता रहा। रमजान माह के दौरान प्रतिदिन बनने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री के लिए उत्साहपूर्वक मुस्लिम परिवारो में खरीददारी का सिलसिला चलता रहा।

### चांद दिखने की खुशी में फूटे पटाखे

शनिवार की शाम ढलते ही जैसे ही चांद के दीदार हुए खुशी में फटाके फोडे गए। नमाज के साथ मस्जिदो में तरावियों का दौर चलता रहा। आज रविवार को रमजान का पहला रोजा रखा जाएगा।

# सिविल अस्पताल बरेली में अब मरीजों को मिलेगी डायलिसिस की सुविधा, राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

◆ हजारों खर्च कर मरीज भोपाल जाकर करवाते थे डायलिसिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।



नगर के सिविल अस्पताल में 1 मार्च को क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्य स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के द्वारा क्षेत्र को एक बड़ी सौगात दी है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर रहे हैं। जिसको लेकर वर्तमान में सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई गई है। जिसमें खासकर महिला चिकित्सक एवं बाल्य शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित सभी सुविधाओं को सिविल अस्पताल में उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मशीन का लोकार्पण

सिविल अस्पताल में डायलिसिस मशीन का लोकार्पण किया गया यह मशीन कोटक बैंक द्वारा मंत्री पटल के सहयोग से अस्पताल को प्रदाय की गई है। सिविल अस्पताल में इस मशीन के आने के बाद क्षेत्र की 2.50 लाख कि आबादी को फायदा होगा। डायलिसिस मशीन उन लोगों में उपयोगी होती है, जिनके गुर्दे खराब हो चुके हैं। यह सुविधा अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध रहेगी। गुर्दों से संबंधित बीमारी से ग्रसित मरीज को एक बार डायलिसिस करवाने में चार से पांच हजार का खर्च एवं मरीज के साथ परिवार के दो लोगों को पूरा दिन भोपाल आने-जाने में खर्च करना पड़ता है।

आर्थिक के साथ मानसिक रूप से भी मरीज के परिजन परेशानी का सामना करते हैं। लेकिन अब इस मशीन के आने से लोगों को यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। इस दौरान नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, एसडीएम संतोष मुद्गल, बीएमओ डॉ हेमंत यादव, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, तहसीलदार रामजीलाल वर्मा, डॉ. प्रशांत सेन, डॉ. लखन लाल अहिरवार सहित स्वस्थ अमला मौजूद रहा।